Ontario

स्वास्थ्य मंत्रालय

आपके COVID-19 टीकाकरण के बाद

संस्करण 2.0 मार्च 29, 2021

मुझे अगले कुछ दिनों में क्या उम्मीद करनी चाहिए?

- सामान्य रूप से पैदा होने वाले पक्ष-प्रभावों में सुई लगाने के स्थान पर दर्द, लाली या सूजन होना, थकावट, सिरदर्द, मांसपेशियों में दर्द, कंपकंपी, जोड़ों में दर्द और हल्का बुखार शामिल हैं।
- गंभीर पक्ष-प्रभाव होने की संभावना बहुत ही कम है। यदि टीकाकरण के तीन दिनों के अंदर आपके शरीर में इनमें से कोई भी प्रतिकूल प्रतिक्रिया विकसित होती है, तो अपने डॉक्टर या नर्स व्यावसायिक को कॉल करें या अपने सबसे निकट स्थित आपातकालीन विभाग में जाएँ: पित्ती, चेहरे या मुंह पर सूजन, सांस लेने में परेशानी, त्वचा की अत्यधिक पीली रंगत और गंभीर तंद्रा, तेज बुखार (40°सेल्सियस से अधिक), शरीर में ऐंठन या दौरे आना, अथवा अन्य गंभीर लक्षण (जैसे, "पिन और सुइयाँ" चुभने का एहसास या सुन्नता)।
- एस्ट्राज़ेनेका/कोविशील्ड के टीका को एक अत्यधिक दुर्लभ पक्ष-प्रभाव से जोड़ा गया है, जिसे टीकाकरण-उत्प्रेरित प्रोथ्रोम्बोटिक इम्यून थ्रोम्बोसाइटोपीनिया (वीआईपीआईटी) [Vaccine-Induced Prothrombotic Immune Thrombocytopenia (VIPIT)] कहा जाता है। यदि टीकाकरण के बाद आपके शरीर में इनमें से कोई भी प्रतिकूल प्रतिक्रिया विकसित होती है, तो कृपया तत्काल चिकित्सीय ध्यान प्राप्त करें: सांस फूलना, छाती में दर्द, हाथ या पैर में सूजन या ठंडापन, लगातार पेटदर्द, गंभीर या समय के साथ और अधिक खराब होता हुआ सिरदर्द या धुंधली दृष्टि, या त्वचा के नीचे छोटी-छोटी खरोंचें, लाल या बैंगनी धब्बे या रक्त के छाले।

क्या मुझे अभी भी COVID-19 से संबंधित जनस्वास्थ्य दिशानिर्देशों का पालन करना होगा?

- टीकाकरण कराना COVID-19 से अपना बचाव करने का मात्र एक अतिरिक्त तरीका है। COVID-19 के टीके की किसी भी खुराक के बाद आपको COVID-19 से संबंधित दिशानिर्देशों का पालन करना जारी रखना चाहिए, जैसे मास्क पहनना, शारीरिक दूरी का पालन करना और अपने हाथ धोना।
- COVID-19 के लक्षण पैदा होने की निगरानी करें और यदि लक्षण दिखाई दें, तो अपनी जाँच कराएँ।

मुझे अपनी दूसरी खुराक के लिए कब वापिस आना चाहिए?

- पूरी तरह से प्रतिरक्षण प्राप्त करने के लिए आपको टीके की दो खुराकें प्राप्त करने की आवश्यकता है। यदि यह COVID-19 टीका आपकी पहली खुराक है, तो क्लिनिक या बुकिंग प्रणाली के निर्देशानुसार अपनी दूसरी खुराक प्राप्त करना सुनिश्चित करें। टीकाकरण की जो प्रिंटेड रसीद आज आपको दी गई है, उसे दूसरे एपॉइंटमेंट में अपने साथ लाएँ।